# डमरू वाले की लीला। By Kumaar Mukesh

डमरू वाले की लीला है न्यारी
मेरा भोला बड़ा है भण्डारी
हे महाकाल है त्रिपुरारी
तेरी महिमा है जग में निराली

भागीरथ की तपस्या को फल है दिया
शीश पर गंगा का भार तुमने लिया
भागीरथ जाए चरणों में वारी
मेरा भोला बड़ा है भण्डारी

सबकी रक्षा हेतु विष का प्याला पिया
जिसने जो भी माँगा ना कोई अंतर किया
तेरे चरणों में झुकती दुनिया सारी
मेरा भोला बड़ा है भण्डारी

हे महाकाल जग में तेरा डंका बाजे
शीश पे चंद्र गले सर्प माला साजे
नंदी बैल की करता सवारी
मेरा भोला बड़ा है भण्डारी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a1%e0%a4%ae%e0%a4%b0%e0%a5%82-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%b2%e0%a5%80%e0%a4%b2%e0%a4%be-by-kumaar-mukesh/